अखिल भारतीय पुलिस कमांडो प्रतियोगिता–06 सहायक कमाण्डेंट सहित कुल 107 कमांडो सी.एस.जे.डब्ल्यू.टी, बेलगावी में ए.आई.पी.सी.सी–2024 के लिए गहन प्रशिक्षण ले रहे हैं।

मानसून सी.सी.पी.आई.टी.–खराब मौसम की स्थिति के कारण, मानसून के दौरान सी.एस.जे. डब्ल्यू.एण्ड टी, बेलगावी में सी.सी.पी.आई.टी. का संचालन करना संभव नहीं है, अतः महानिदेशक के निर्देशानुसार इसका संचालन 202 कोबरा कोरापुट में किया गया।

सी.एस.जे.डब्ल्यू. एण्ड टी, में क्षमता वृद्धि – महानिदेशक के निर्देशानुसार, प्रति बैच में 650 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित करने की क्षमता बढ़ाने के लिए सी.एस.जे.डब्ल्यू.एण्ड टी, बेलगावी में बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण उपकरणों को उन्नत किया गया है।

नव नियुक्त कमांडेंट, द्वितीय कमान अधिकारी तथा चिकित्सा अधिकारियों के लिए अभिविन्यास पाठ्यक्रम – महानिदेशक के निर्देशानुसार नव नियुक्त कमांडेंट, द्वितीय कमान अधिकारी तथा चिकित्सा अधिकारियों के लिए 2 सप्ताह का अभिविन्यास पाठ्यक्रम व पाठ्य–सामग्री तैयार की गई है और दिनांक 23/10/2023 से सी.एस.जे.डब्ल्यू.एण्ड टी, बेलगावी में विषयक पाठ्यक्रम का प्रथम बैच चलाया जा रहा है।

जैज़ बैंड का गठन– महानिदेशक की अपेक्षानुसार, 18 कार्मिकों के कोबरा जैज़ बैंड का गठन किया गया है, जिसे 201 कोबरा में पदस्थापित किया गया है। उक्त जैज़ बैंड नवीनतम संगीत वाद्ययंत्रों और उपकरणों से सुसज्जित है।

विद्यमान बैफल फायरिंग रेंज में संस्थानिक, अल्प लागत वाले सुधार – उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए, कोबरा यूनिटों की बैफल फायरिंग रेंज में संशोधन/सुधार किए जा रहे हैं ताकि उन्हें कोबरा की जंगल वॉरफेयर में कौशलता की भूमिका के अनुरूप, गैर पारंपरिक फायरिंग संचालन में पारंगत बनाया जा सके।

सी.सी.पी.आई.टी के लिए नामांकन– एस.सी.टी.–2024 के दौरान यूनिटों में अधिकारियों और जी.डी. कार्मिकों को समय पर पदस्थ करने के लिए, महानिदेशक के निदेश उपरांत, कार्मिक/स्थापना निदेशालय से समय से पूर्व पर्याप्त नामांकन प्राप्त करने का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।